प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 10.01.2026 (दोपहर – 1455 बजे)

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों, ईआरओ, एईआरओ उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि एक भी पात्र भारतीय मतदाता सूची से न छूटे और इसके लिए व्यापक प्रचार–प्रसार, कैंप और प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

****

रांची स्थित रिम्स में जल्द ही एक नई मेडिकल शॉप खुलने जा रही है, जहां मरीजों को सस्ती दरों पर दवाइयां उपलब्ध होंगी। रिम्स निदेशक डा. राजकुमार ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य मरीजों को बाजार की महंगी दवाओं से राहत दिलाना और अस्पताल परिसर में ही गुणवत्तापूर्ण दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

****

देवघर एम्स में रेडियोथेरेपी सेवाओं की शुरुआत हो गयी है। इसे एम्स में कैंसर उपचार की दिशा में अहम उपलब्धि माना जा रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि एम्स की यह रेडियोथेरेपी सेवा संताल परगना सहित बिहार व पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती इलाकों के लिए एक प्रमुख रेफरल सेंटर के रूप में उभरेगा। रेडियोथेरेपी कैंसर उपचार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

****

जामताड़ा व्यवहार न्यायालय परिसर में आज जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव पवन कुमार ने बताया कि जिले के विद्यालयों, महाविद्यालय, पंचायतों और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता शिविरों का आयोजन कर नशापान पर विराम लगाने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नशा सामाजिक कुरीति है । नशा पान लोगों को शारीरिक, मानसिक ही नहीं बल्कि आर्थिक रूप से बीमार बना देता है।

****

पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा और भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष आनन्द कुमार ने आज दिवंगत आदिवासी नेता सोमा मुंडा के गांव जाकर परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। बाबूलाल मरांडी ने वहीं से खूंटी के पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो से आरोपियों को जल्द गिरफ्तरी करने का निर्देश दिया।

****

रांची में रेलवे सुरक्षा बल ने टिकटों की कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक टिकट दलाल को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई आरपीएफ द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन उपलब्ध' के तहत की गई। आरपीएफ पोस्ट रांची और सीआईबी रांची की संयुक्त टीम ने पीआरएस बुकिंग काउंटर क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान रेलवे कार पार्किंग गेट के पास एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया।

****

जस्टिस एल पी एन शाहदेव की चौदहवीं पुण्यतिथि के मौके पर रांची स्थित सूचना भवन के सामने स्थित स्मारक स्थल पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर एल पी एन शाहदेव फाउंडेशन के निदेशक प्रतुल शाहदेव ने कहा कि जस्टिस शाहदेव झारखण्ड आंदोलन के प्रणेता थे .. और उनके बताये मार्ग पर समाज को चलने की जरुरत है।

****

झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा, रांची जिला की ओर से दिशोम गुरु शिबू सोरेन की जयंती कल रांची के मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका में पूरे सम्मान और श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी। इस दौरा उन्हें समर्पित एक विशेष कैलेंडर का विमोचन भी किया जाएगा। इसकी जानकारी मोर्चा के रांची जिला अध्यक्ष सुबोध कुमार लकड़ा ने दी।

****

मुसाबनी–हाता मुख्य मार्ग पर सुरदा यूनियन बैंक शाखा के पास खड़े हाइवा से एक स्कूटी टकरा गई। इस भीषण टक्कर में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है।

********समाप्त***********